वर्गों को स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं प्रदान करने पर बल देती है।

स्वास्थ्य मूलतः राज्य का विषय है लेकिन सभी ऐसे विवेचित क्षेत्रों में वित्तीय सहायता प्रदान करके मदद करता है जो स्वास्थ्य सेवाओं और रोग नियंत्रण को प्रभावित करते हैं। आठवीं योजना में विकास के लिए चुने गए प्रमुख क्षेत्रों में अन्य बातों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित बुनियादी ढांचे का समेकन करना, लोगों को पीड़ित करने वाले प्रमुख संचारी, और गैर-संचारी रोगों का नियंत्रण/उन्मूलन करना स्वास्थ्य जनशक्ति विकास/ जैव-चिकित्सा अनुसंधान को प्रोत्साहन और भारतीय चिकित्सा पद्धति और होमियोपैथी का विस्तार करना शामिल है। जनसंख्या वृद्धि में रोक के साथ साथ शिशु रक्षा तथा सुरक्षित मातृत्व कार्य पर विशेष बल देना ऐसे दोहरे परस्पर जुड़े कार्य हैं जिन पर स्वास्थ्य कार्यनीति की पहलें आधारित हैं।

दिल्ली परिवहन निगम के कर्मचारियों की पेंशन

*19. **श्रीमती सुषमा स्वराज :**
डा० जितेन्द्र कुमार जैन :

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों की भांति दिल्ली परिवहन निगम के कर्मचारियों को पेंशन देने का विचार रखती है

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) इसे कब तक लागू किए जाने की संभावना है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) से (ग) दिल्ली परिवहन निगम के कर्मचारियों को, केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों पर लागू नियमों के अनुसार, पेंशन देने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। अभी तक इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

अस्पतालों में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभभोगियों के लिए सुविधाएं

*20. **मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी :**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभभोगियों को दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध हैं ;

(ख) इन सुविधाओं को बढ़ाने और उनमें सुधार करने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं;

(ग) दिल्ली में के० स० स्वा० यो० के कौन कौन से प्रमुख औषधालय हैं जहां विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं और उसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार इस संबंध में क्या कदम उठा रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री एम० एल० फोतेदार): (क) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य के लाभार्थियों को अस्पताली उपचार सामान्यतया सफदरजंग अस्पताल और डा० राममनोहर लोहिया अस्पताल में प्रदान किया जाता है। यहां पर सभी प्रमुख विशेषताओं में निदान और उपचार की पूरी-पूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। दिल्ली में सेंट स्टीफन्स अस्पताल को निर्धारित दरों के अनुसार केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थियों के उपचार के लिए मान्यता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त दिल्ली प्रशासन के कुछ तथा कई अस्पतालों स्वायत्त और प्राइवेट अस्पतालों को केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थियों के लिए रेफरल